Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide relief to farmers who suffered loss of crops caused by heavy hailstorms in Jalaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : मेरे संसदीय क्षेत्र जालौन-गरौठा-भोगनीपुर के अंतर्गत कोंच, उरई और मौंठ तहसील के अंतर्गत विगम फरवरी माह में 10-11 फरवरी को ओलावृष्टि के कारण किसानों की खेती प्रभावित हुई है, जिसके कारण किसानों की खेतों में खड़ी फसल बर्बाद हो गई है।

बारिश के साथ भारी ओलावृष्टि ने आलू, गेंहू और सरसों की फसलों पर सबसे अधिक असर डाला है। बुंदेलखंड के झांसी, ललितपुर, जालौन, महोबा, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर जिलों के कई हिस्सों में ओले के कारण खेतों में खड़ी फसलों का 50 से 90 प्रतिशत तक का नुकसान हो गया है। जहां एक ओर बुंदेलखंड में अन्ना-पशुओं के कारण किसानों को लगातार भरी नुकसान हो रहा है वहीं ऐसे समय में ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदा आ जाने के कारण कई छोटे और मंझोले किसान चौपट हो गए हैं।

अतः मेरी केद्र सरकार से मांग है कि बुंदेलखंड के किसानों पर टूटी इस विपदा को देखते हुए जल्द से जल्द राहत के इंतजाम करवाते हुए प्रभावित हुए किसानों को मुआवजा देने का कष्ट करें।